



स्वागत — सुहावने मौसम ने बढ़ाया जश्न, रमणीक स्थलों की लोगों ने की सैर, मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

# मंदिरों सहित प्रकृति की गोद में मनाया नया साल

**शहडोल, नवभरत।** नववर्ष के आगमन पर क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। हालांकि शहर में दिन के समय अपेक्षाकृत सन्नाटा पसरा रहा, लेकिन शाम होते-होते नववर्ष का उल्लास हर ओर दिखाई देने लगा। नए साल के स्वागत में लोगों ने अपने-अपने अंदाज में जश्न मनाया।

सुहावने मौसम और अवकाश का लाभ उठाते हुए बड़ी संख्या में लोग शहर से बाहर नदियों, पहाड़ों, जंगलों एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की ओर रवाना हुए। परिवार और मित्रों के साथ लोगों ने पिकनिक मनाई और प्रकृति की गोद में नए वर्ष का स्वागत किया। कई स्थानों पर युवाओं के समूह गीत-संगीत, सेल्फी और फोटोग्राफी का आनंद लेते नजर आए।

### होटल, ढाबों और पर्यटन स्थलों पर दिनभर रही रौनक

शहर में सुबह से ही बाजार अपेक्षाकृत शांत रहे। अधिकांश दुकानें देर से खुलीं, वहीं सड़कों पर भी यातायात कम दिखाई दिया। हालांकि होटल, ढाबों और पर्यटन स्थलों पर दिनभर रौनक बनी रही। शाम के समय लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और नए वर्ष में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

नववर्ष की पहली सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। प्रमुख मंदिरों में घंटियों की गूंज और जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर परिवार की सुख-शांति और अच्छे भविष्य की कामना की। कई मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन भी किया गया। रात्रि होते-होते शहर के प्रमुख चौक-चैराहों, होटलों और आवासीय क्षेत्रों में नववर्ष का उल्लास देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं, आतिशबाजी की और केक काटकर नए साल का स्वागत किया।

### प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल रहा तैनात

नववर्ष के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। प्रमुख चैराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहा तथा यातायात व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी गई, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।कुल मिलाकर नववर्ष क्षेत्र में शांतिपूर्ण, उल्लासपूर्ण और प्रकृति व आस्था से जुड़ा हुआ रहा, जहां लोगों ने पुराने वर्ष को विदा कर नए साल का स्वागत नई उम्मीदों, खुशियों और सकारात्मकता के साथ किया।

# ब्यौहारी में तेज रफ्तार कार का कहर

▶ बाइक सवार युवक की मौत, एक गंभीर

**ब्यौहारी, नवभारत।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शहडोल-रीवा मार्ग पर तहसील कार्यालय के समीप बुधवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा उस समय हुआ जब नशे में धुत कार चालक ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं कार का अगला हिस्सा भी बुरी तरह टूट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से ब्यौहारी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान एक युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा युवक गंभीर अवस्था में उपचाराधीन है।

### पुलिस मृतक एवं घायल की कर रही शिनाख्त

मृतक एवं घायल की पहचान किए जाने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने बताया कि कार चालक ब्यौहारी अस्पताल में पदस्थ कर्मचारी है और घटना के समय शराब के नशे में वाहन चला रहा था। आरोपी चालक को भी मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर अस्पताल में उपचार एवं मेडिकल परीक्षण कराया है। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है तथा दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय नागरिकों ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जांच पूर्ण होने के बाद आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# नेशलन गेम में खिलाड़ियों ने जीते 66 पदक



**शहडोल।** भारतीय युद्ध कला प्राधिकरण एवं नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार से मान्यता प्राप्त 6वीं नेशनल मार्शल आर्ट्स गेम्स का आयोजन 27 से 29 दिसंबर तक उज्जैन में भव्य रूप से किया गया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से आए खिलाड़ियों ने विभिन्न मार्शल आर्ट्स विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में संभाग के 49 खिलाड़ियों ने एकल लाठी चालन एवं द्वि-लाठी चालन स्पर्धाओं में भाग लेते हुए अपने-अपने आयु एवं वजन वर्ग में शानदार प्रदर्शन कर पदक अर्जित किए, जिससे संभाग का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ।

इस प्रतियोगिता में मुख्य कोच प्रमोद विश्वकर्मा, संभाग के तकनीकी निर्देशक एवं भारत रेफरी कमीशन के सचिव किशोर साकेत, बालक दल प्रबंधक संजय सिंह कंघीकार, कोच गुरदीप सिंह, बालिका दल प्रबंधक सावित्री शर्मा एवं बालिका कोच शिवानी नामदेव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, राष्ट्रीय बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष राकेश मिश्रा सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने उत्कृष्ट खिलाड़ियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया। दल प्रबंधक संजय सिंह कंघीकार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में परंपरागत लाठी कला सहित कुल 14 विभिन्न मार्शल आर्ट्स विधाओं का आयोजन किया गया, जिसने युवाओं में आत्मरक्षा, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस के प्रति उत्साह बढ़ाया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता ने उज्जैन को एक बार फिर खेलों के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया।

# सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने पर बनी सहमति, दिया एकता का संदेश

▶ छतवई में आदिवासी पनिका समाज का रजत जयंती समारोह मनाया गया



**शहडोल।** आदिवासी पनिका समाज विकास संगठन संभाग रीवाञ्चशहडोल के तत्वावधान में शहडोल जिले के छतवई में रजत जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं अमर शहीद दयाल पनिका के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।

इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।समारोह में समाज में जनजागरूकता, सामाजिक एकता एवं रूढ़िवादी परंपराओं के उन्मूलन पर विशेष जोर दिया गया। सम्मेलन में समाज हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए एक दिन में दशगात्र कार्यक्रम पूर्ण करने तथा ओली-तिलक का आयोजन विवाह के दौरान ही करने पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान की गई, जिसे समाज सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल रहे। विधायक को समाज की ओर से शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा अमर शहीद दयाल पनिका की प्रतिमा स्मृति स्वरूप प्रदान की गई। विधायक कोल ने अपने संबोधन में समाज की एकता, शिक्षा और जागरूकता पर बल देते हुए ऐसे आयोजनों को सामाजिक विकास के लिए आवश्यक बताया।

इस अवसर पर विशेष रूप से शहडोल संभागीय अध्यक्ष लालता राम सोनवानी, उपाध्यक्ष शेषमणि टंडिया, सचिव के.डी. सोनवानी, कोषाध्यक्षएस.आर. पुरी, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. राम टंडिया, जिला अध्यक्ष बी.डी. मौर्य, जिला सचिव राम सुनील पनिका, मीडिया प्रभारी जीवन लाल परेवा, मऊ जिला अध्यक्ष श्याम लाल मोंगरे सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।इसके अलावा बिजुरी नगर पालिका अध्यक्ष शहबीन पनिका, डॉ. गीता पनिका, सिंगरौली जिला अध्यक्षयज्ञनारायण पनिका, सरपंच हेमकली पनिका, हास्य कलाकार सुनील मोंगरे सहित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता, सुधार और प्रगति के संकल्प के साथ किया गया। आयोजन को समाज के लिए ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक बताया गया।



## भागवत कथा के बीच दिया व्यसन मुक्त राष्ट्र बनाने संदेश

**नवभारत,जबलपुर।** भव्य दिव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन आशालता गृहस्थी आश्रम शिल्पी नगर भेड़ाघाट में जारी है । कथा के तृतीय दिवस भागवत आचार्य कृष्ण निशा तिवारी ने विदुर चरित्र, सृष्टिवर्णन, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र आदि कथाओं का वर्णन किया, पावन भागवत कथा का श्रवण कर समस्त शिल्पी नगर वासी भाव से झूम उठे और कथा श्रवण लाभ प्राप्त किया। कृष्ण निशा तिवारी ने पावन कथा में कहा कि राष्ट्र का गौरव तब है जब राष्ट्र व्यसन मुक्त हो।

## गोविंदगंज ने देवताल को हराकर जीता फाइनल



**नवभारत,जबलपुर।** हितकारिणी विद्या परिषद द्वारा आयोजित दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल शहीद स्मारक में संपन्न हुआ। फाइनल मैच में हितकारिणी चिल्ड्रन एकेडमी गोविंदगंज ने हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला देवताल को 15 गेंद शेष रहते 86 रनों के लक्ष्य का पीछा कर हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर हितकारिणी विद्या परिषद के मंत्री जयेश सिंह राठौर, सदस्य दीपक सिंह राठौर, संयोजक नरेश तिवारी, राजीव श्रीवास्तव, हितकारिणी देवताल की प्राचार्य रजनीश श्रीवास्तव, हितकारिणी गोविंदगंज की प्राचार्य ज्योत्सना दीक्षित, उपप्राचार्य सारिका मिश्रा, और शिक्षक राजेंद्र तिवारी, शेखर खमरिया, हरीश विश्वकर्मा, विनोद नामदेव, दुष्यंत सिंह राजपूत, कुंज बिहारी, रोहित दुबे उपस्थित रहे।



## उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेल कर्मचारी पुरस्कृत

**नवभारत,जबलपुर।** 31 दिसंबर माह के दौरान सजगता एवं संरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 15 रेल कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक जबलपुर कमल कुमार तलरेजा द्वारा सम्मानित किया गया। इन कर्मचारियों द्वारा रेल पटरियों में संभावित फ्रैक्चर, हॉट एक्सल आदि को समय रहते पहचान कर अपनी सतर्कता एवं सजगता से संभावित रेल दुर्घटनाओं को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई, जिससे सुरक्षित एवं सुचारु रेल परिचालन सुनिश्चित हो सका।




## आन्या ने जीता गोल्ड, लोगों ने दी बधाई

**जबलपुर।** 44 वीं स्टेट कराते चैंपियनशिप डॉल्फिन स्पोर्ट्स एकेडमी नर्मदापुरम (होशंगाबाद) मध्यप्रदेश में आयोजित हुई, जिसमें जबलपुर की आन्या गोटियां पुत्री भरत कुमार गोटियां, मंजू गोटियां ने कुमीते (फाइट,) में -48किग्रा कैटगरी में प्रथम स्थान स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

स्वागत — उत्साह और उमंग के साथ लोगों ने किया नए साल का स्वागत

# आतिशबाजी के साथ हुआ नए साल का आगाज





**नवभारत, जबलपुर।** साल 2025 को विदाई देते हुए 12 बजते ही शहर में जमकर आतिशबाजियों के साथ लोगों ने नए साल का स्वागत किया। कई जगहों पर तो लोगों द्वारा शहर के बाहर जाकर इसका जश्न मनाया, वहीं शहर के रेस्टोरेंट, होटल और कैफे आदि में पार्टियां भी रखी गई थी। कल 31 दिसंबर की रात में शुरु हुई पार्टी देर रात तक नाच गाना और आतिशबाजी होने तक चली। न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए शहर के यंगस्टर्स और फ्रेंड सर्कल ने न्यू ईयर पार्टी में खूब एंजॉय किया।

### केक काटा हुई पार्टियां

नए साल शुरू होते ही लोगों द्वारा रात में 12 बजते ही केक आदि काटकर नए साल का स्वागत किया। शहर के कई जगहों पर खासकर शहर के चौराहों तिराहों पर लोगों द्वारा जमकर पटाखे फोड़, आतिशबाज़ी की और नए साल पर जश्न मनाया। इसके अलावा शहर में कई जगहों पर पार्टी का आयोजन किया गया। जहां पर डीजे नाइट और बड़े ही भव्य रूप से पार्टियां आयोजित की गई।

### सैर-सपाटा और पिकनिक की रही धूम

नए साल की शुरुआत पर आज 1 जनवरी 2026 पर लोग सुबह से ही घूमने फिरने और सैर - सपाटा के लिए निकले। जिसमें अधिकतर लोग पिकनिक आदि मनाने के लिए शहर से दूर भी पहुंचेंगे। इसके अलावा शहर के गार्डन, मॉल, मूवी ,गेम जोन के साथ-साथ पर्यटक स्थल भेड़ाघाट, धुआंधार, बरगी डैम , डुमना नेचर पार्क, घुघरा वॉटर फॉल, निदान वॉटरफॉल,रानी दुर्गावती का किला आदि सभी जगह पर लोग नया साल मनाने बड़ी संख्या में लोग पहुंचें।


### कहीं हुड़दंग तो कहीं प्रशासन रहा मुस्तैद

सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए पुलिस प्रशासन सड़क पर तैनात रहा, कई जगह चेकिंग पॉइंट भी लगाए गए थे। उसके बावजूद भी शहर के युवक अपने वाहनों से हुड़दंग मचाते हुए नजर आए। इसके अलावा कई यंगस्टर नए साल के जश्न में मॉडिफाई साइलेंसर वाली गाड़ियों से पटाखे फोड़ते हुए कॉलोनी और गली- मोहल्लों में आतंक मचा रहे थे। हालांकि पुलिस प्रशासन लगातार सड़कों पर तैनात रहा और कई जगह पर चेकिंग लगाते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर भी नजर रखे हुए था।

### नियमों को ताक पर रखकर चलती रही पार्टियां

नए साल की शुरुआत को लेकर 31 दिसंबर की शाम से ही पार्टियों का द्वार शुरू हो गया था । 12 बजते ही लोगों ने पटाखे फोड़ जमकर आतिशबाजियां कर नए साल का वेलकम किया। हालांकि प्रशासन द्वारा एक नियमित समय तक ही पार्टियां करने का नियम बताया था, लेकिन उसके बावजूद भी नियमों को ताक पर रखते हुए कई जगहों पर देर रात तक पार्टियों का दौर चलता रहा। साथ ही कई जगहों पर यंगस्टर्स शराब के नशे में घूमते और पार्टी मनाते नजर आएं।

# रेत पर साकार होगा राम मंदिर, दिखेगा अद्भुत सैंड आर्ट




▶ पुरी से पहुंचे ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट करेंगे निर्माण, मंडला से आई नर्मदा नदी की रेत

**नवभारत,जबलपुर।** मानस भवन में 2, 3 एवं 4 जनवरी को आयोजित होने जा रहा चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस इस वर्ष एक अनूठे आकर्षण का साक्षी बनेगा। ब्रह्मर्षि मिशन समिति, श्री रामचंद्र पाथ गमन न्यास भोपाल एवं श्री राम अवेयरनेस मूवमेंट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सम्मेलन में जबलपुर वासियों को पहली बार सैंड आर्ट (रेत कला) का भव्य और जीवंत प्रदर्शन देखने को मिलेगा। इस विशेष अवसर पर ओडिशा के पुरी से देश-विदेश में ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट गोपाल सामंत आज 1 जनवरी 2026 से मानस भवन की आर्ट गैलरी के मुख्य द्वार पर रेत से भव्य राम मंदिर का निर्माण करेंगे। इस पावन कलाकृति के लिए मंडला से पवित्र नर्मदा नदी की रेत पहले ही जबलपुर लाई जा चुकी है। इस रेत कला का सबसे खास पहलू यह होगा कि दर्शक राम मंदिर का निर्माण प्रक्रिया को अपनी आंखों के सामने साकार होते हुए देख सकेंगे। सैंड आर्टिस्ट गोपाल सामंत ओडिशा के प्रसिद्ध रेत कलाकार हैं, जिन्होंने समुद्र तटों पर रेत से बनाई गई अपनी कलाकृतियों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई है।

### नर्मदा कलश स्थापना से होगा कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस से पूर्व द्वितीय चरण के अंतर्गत अन 1 जनवरी 2026 को नर्मदा कलश स्थापना के साथ कार्यक्रम का मंगलारंभ होगा। 1 जनवरी को दोपहर 3 बजे मानस भवन सभागार में आयोजित इस विशेष समारोह में ज्ञानेश्वरी दीदी,आयोजन अध्यक्ष अजय बिश्नोई, सचिव डॉ. अखिलेश गुमास्ता, पंकज गौर, एडवोकेट रविरंजन सहित अनेक साधु-संतों के सान्निध्य में डॉ. सुधीर अग्रवाल एवं विनोद दीवान द्वारा पावन नर्मदा कलश की स्थापना की जाएगी। इसके पश्चात नयागांव महिला मंडल एवं नेमा मानस मंडल द्वारा सांय 3.30 से 5.30 बजे तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान प्रसिद्ध कलाकार डॉ. रेणु अरुण पांडे एवं उनकी टीम द्वारा रामायण विषय पर लाइव पेंटिंग प्रस्तुत की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण होगी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत पुणे से पधारी प्रियल नाज पांडे गटकर द्वारा गीत रामायण की भावपूर्ण प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं जबलपुर की बाल कलाकार द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजकों ने संस्कारधानी वासियों से अधिक संख्या में उपस्थिति का आग्रह किया है।